संख्या– 982 / चौदह–3–11–300(160) / 2010टी0सी0

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
उ0प्र0 लखनऊ।
वन अनुभाग–3

लखनऊः दिनांकः 23 जून, 2011

विषयः– उ0प्र0 वन विभाग में दिनांक 29.06.1991 तक नियुक्त / कार्यरत वर्कचार्ज एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–ई0शा0–774 / 10–55(विनि0), दिनांक 24.02.2011 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–वे0आ0–2–2063 / दस–54(एम) / 2008 टी0सी0, दिनांक 08.09.2010 में विहित व्यवस्था के अनुसार उ0प्र0 वन विभाग में दिनांक 29.06.1991 तक नियुक्त / कार्यरत वर्कचार्ज एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण तथा वर्तमान में कार्यरत कर्मियों की संख्या के सापेक्ष समूह ग के अंतर्गत कुल 37 (कनिष्ठ लिपिक के 29 पद, वाहन चालक के 05 पद, विद्युत मिस्त्री के 01 पद, निकासी मुंशी–01 एवं कम्पाउन्डर के 01 पद) एवं समूह घ के अंतर्गत कुल 2022 (वन रक्षक के 26 पद, अर्दली के 76 पद, क्षेत्र सहायक के 65 पद, माली के 905 पद, चौकीदार के 317 पद, आदेश पालक के 19 पद, माली कम चौकीदार के 450 पद, डाकिया के 123 पद, खलासी के 05 पद, ट्रैक्टर क्लीनर के 13 पद, पम्प अटेन्डेन्ट के 02 पद, पाउण्ड क्लीनर के 04 पद, कीपर के 04 पद, बुकिंग कर्लक के 01 पद, नाविक के 01 पद, वाचर के 01 पद, एवं स्वीपर के 10 पद) अधिसंख्य पदों के सृजन की स्वीकृति किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 के शासनादेश दिनांक 08.09.2010 में राजकीय विभागों, नगरीय निकायों, विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद तथा सार्वजनिक उपक्रमों / निगमों आदि में दिनांक 29 जून, 1991 तक नियुक्त / कार्यरत वर्कचार्ज एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को यथा अपेक्षित अधिसंख्य पद सृजित करते हुए तात्कालिक प्रभाव से विनियमित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतएव महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 वन विभाग में उपर्युक्त प्रस्तर–1 में उल्लिखित विभिन्न श्रेणी के कुल 2059 अधिसंख्य पदों के सृजन पर इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान करते है

कि वन विभाग उ0प्र0 में समय–समय पर जैसे जैसे नियमित पद उपलब्ध होगे वैसे–वैसे यह पद स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

3– वन विभाग, उ0प्र0 में दिनांक 29.06.1991 तक नियुक्त/कार्यरत वर्कचार्ज दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पदों का विवरण एवं उनके वेतनमान का विस्तृत विवरण संलग्नक-1 मे दिया गया है।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–ई–7–745/दस–2011, दिनांक 13 जून, 2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्या–3112 (1)/चौदह–3–11 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग/प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, एन0आई0सी0, छठॉ तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वन विभाग की वेबसाइट पर डाले जाने हेतु।
3. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1/2
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–7
5. वेब मास्टर, वन विभाग उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(देव प्रताप सिंह)
उप सचिव।

संलग्नक - 1

उ0प्र0 वन विभाग में दिनांक 29.06.1991 तक नियुक्त/कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पदों का विवरण एवं उनके वेतनमान का विस्तृत विवरण

दिनांक 29.06.1991 एवं उससे पूर्व नियुक्त एवं वर्तमान मे कार्यरत दैनिक वेतन/ अनियमित वर्कचार्ज कार्मिकों की संख्या वर्षवार/ पदवार			कर्मचारियों की कटेगरी यथा वर्क चार्ज/दैनिक वेतन	विनियमितीकरण के पद का वेतनमान
1			2	3
वर्ग	पद	संख्या		वेतन बैण्ड+ग्रेड वेतन
ग	कनिष्ठ लिपिक	29	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1900
	वाहन चालक	05	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1900
	विद्युत मिस्त्री	01	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1900
	निकासी मुंशी	01	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1900
	कम्पाउन्डर	01	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1900
	योग–	37		
घ	वन रक्षक	26	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1900
	अर्दली	76	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	क्षेत्र सहायक	65	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	माली	905	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	चौकीदार	317	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	आदेश पालक	19	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	माली कम चौकीदार	450	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	डाकिया	123	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	खलासी	05	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	ट्रैक्टर क्लीनर	13	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	पम्प अटेन्डेन्ट	02	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	पाउन्ड क्लीनर	04	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	कीपर	04	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	बुकिंग क्लर्क	01	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	नाविक	01	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	वाचर	01	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	स्वीपर	10	न्यूनतम दैनिक वेतन	5200–20200+1800
	योग–	2022		

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।